लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

भारत और फ्रांस आपसी सम्मान और साझा मूल्यों पर आधारित एक गहरा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधन साझा करते हैं

नई दिल्ली 28 जनवरी 2020: फ्रांस-भारत संसदीय मैत्री समूह की अध्यक्ष श्रीमती सेलीन साल्वेज ने आज संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से मुलाकात की। बैठक के प्रारंभ में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भारत में फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और भारत और फ्रांस के बीच मजबूत, ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया।

श्री बिरला ने कहा कि, "भारत और फ्रांस आपसी सम्मान और साझा मूल्यों पर आधारित एक गहरा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधन साझा करते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि भारत और फ्रांस व्यापार, शहरीकरण और रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों में भी एक मजबूत साझेदारी करते हैं। श्री बिरला ने फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि भारतीय संसद भी बहुत जल्द एक इंडो-फ्रेंच पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप की स्थापना करेगी जो दोनों लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा बनाने में मदद करेगा।

फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल की ओर से श्रीमती साल्वेज ने कहा कि भारत एक महान सांस्कृतिक और सभ्यतागत विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र अत्यंत जीवंत है और भारतीय चुनाव वास्तव में एक बहुत बड़ा उद्यम है। श्रीमती साल्वेज ने श्री बिरला को सूचित किया कि फ्रांसीसी सांसदों के बीच भारत में गहरी दिलचस्पी है और एक फ्रांसीसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल इस वर्ष ही भारत का दौरा करना चाहेगा। इसके जवाब में श्री बिरला ने जुलाई में संसदीय सत्र के दौरान फ़्रांसिसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल को भारतीय संसद आने का निमंत्रण दिया।

INDIA AND FRANCE SHARE A DEEP CULTURAL AND HISTORICAL BOND BASED ON MUTUAL RESPECT AND SHARED VALUES

New Delhi 28 January 2020: President of the France-India Parliamentary Friendship Group, Ms. Celine Calvez, called on Lok Sabha Speaker Shri Om Birla at the Parliament House today. At the outset of the meeting, Shri Birla welcomed the French Delegation to India and mentioned about the strong, historical ties between India and France.

Shri Birla said that, “India and France share a deep cultural and historical bond based on mutual respect and shared values.” He added that India and France also share a robust partnership in the areas of trade, urbanization and defence production. Shri Birla also informed the French Delegation that the Indian Parliament would also very soon set up an Indo-French Parliamentary Friendship Group that would help deepen ties between the two democracies.

On behalf of the French Delegation, Ms. Calvez said that India is a great country with immense cultural and civilization diversity. She added that Indian democracy is extremely vibrant and that Indian elections are a truly immense enterprise. Ms. Calvez informed Shri Birla that a there is a keen interest in India among French Parliamentarians and that a French Parliamentary Delegation would like to visit

India later in the year. In response, Shri Birla extended an invitation to Ms. Calvez to visit the Parliament during the Parliamentary Session in July.